# जातीय समानता को बढ़ावा देने के
# मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

## हांगकांग पुलिस बल

हांगकांग पुलिस बल (HKPF) जातीय समानता, निष्पक्षता और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने में, हम जनता के सभी सदस्यों के साथ व्यवहार में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हमारी नीतियों के प्रभाव का आकलन करेंगे, भले ही उनकी जातीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

### A. जनता के सदस्यों के साथ व्यवहार

संबंधित सेवाएं

- जनता के साथ हमारे सभी व्यवहारों में जातीय समानता सुनिश्चित करना।

मौजूदा उपाय

- HKPF ने 13 पुलिस जिलों में पुलिस समुदाय संपर्क सहायक (PCLA) योजना लागू की है। ये PCLAs उर्दू, थाई, नेपाली या हिंदी जैसी विदेशी भाषाओं में दक्ष हैं।PCLAs आपसी हित के मामलों पर विविध जातियों के लोगों के समुदायों के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए पुलिस जिलों की सहायता करते हैं।

- एक भाषा पहचानकर्ता पोस्टर, जिसमें सिंहली, तागालोग, तमिल, उर्दू, बंगाली आदि भाषाओं सहित 25 भाषाएँ शामिल हैं, पुलिस के संपर्क में आने वाले विविध जातियों के लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा की पहचान करने में मदद करने के लिए सभी पुलिस रिपोर्ट रूम्स (कक्षों) में उपलब्ध कराया गया है।

- हिरासत में रखे गए व्यक्तियों के लिए पुलिस द्वारा प्रदान किए गए प्रपत्रोंऔर सूचनाओं ('हिरासत तलाशी फॉर्म', 'पुलिस हिरासत में या पुलिस पूछताछ में शामिल व्यक्तियों को सूचना', 'गिरफ्तारी और हिरासत मार्गदर्शन' और 'पुलिस हिरासत सुविधाओं में बर्ताव और शर्तों' सहित) का लिखित रूप में 25 भाषाओं में अनुवाद किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हिरासत में विभिन्न जातियों के लोग संबंधित पुलिस नीतियों को समझ सकें जो उन्हें प्रभावित कर सकती हैं।

- पुलिस हिरासत में विभिन्न जातियो के लोगों की धार्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं, जैसे कि धार्मिक ग्रंथों का प्रावधान, प्रार्थना के लिए दिशा संकेत और आहार संबंधी विशेष प्रकार की जरूरतें।

| | |
|---|---|
| भविष्य के कार्य का आकलन | • HKPF समय-समय पर सेवाओं की समीक्षा करेगा और जहां आवश्यक होगा वहां सुधार करेगा। |
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • HKPF ने गृह मामलों के विभाग द्वारा वित्तपोषित एक संगठन के साथ गठबंधन किया है और " ट्रांसलिंक " नामक एक परियोजना को लागू किया है। परियोजना के तहत, पुलिस रिपोर्ट रूम्स (कक्षों)में आठ सामान्य गैर-जातीय चीनी भाषाओं, जैसे कि उर्दू, नेपाली, पंजाबी, हिंदी, बहासा इंडोनेशिया, थाई, तागालोग और वियतनामी में तत्काल टेलीफोन व्याख्या सेवाएं प्रदान की जाती हैं। नवंबर 2016 से, परियोजना को सभी पुलिस रिपोर्ट रूम और रिपोर्टिंग केंद्रों में लागू किया गया है।<br><br>• HKPF विविध जातियों के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखना जारी रखेगा और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय करेगा कि जातीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना जनता के सभी सदस्यों को समान रूप से सभी सेवाएं प्रदान की जाएं। |

## B. रोजगार के अवसर

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • HKPF की नौकरियों के लिए सभी आवेदकों को समान रोजगार अवसर प्रदान करना। |
| मौजूदा उपाय | • HKPF की नौकरी की रिक्तियां बुनियादी प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा करने वाले सभी आवेदकों के लिए खुली हैं।<br><br>• पुलिस भर्ती के लिए, HKPF ने पुलिस कॉन्स्टेबल (PC) की भर्ती के लिए व्यावहारिक घटना प्रबंधन परीक्षण(प्रैक्टिकल इंसिडेंट हैंडलिंग टेस्ट)को संशोधित किया है, जैसे कि उम्मीदवारों को उन स्थितियों में अंग्रेजी और चीनी दोनों लिखने की आवश्यकता होगी जो पुलिस संचालन का अनुकरण करती हैं। चयन प्रक्रिया के दौरान विदेशी भाषा कौशल वाले उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे, जिनकी लिखित और मौखिक प्रवीणता को दुभाषिए की मदद से परखा जाएगा।<br><br>• भर्ती प्रभाग ने 'गैर-जातीय चीनी (NEC) रेफरल प्रणाली' भी शुरू की है। पुलिस भर्ती चयन प्रक्रिया में विफल रहने वाले विविध जाति के आवेदकों को उनकी सहमति पर उचित रूप से पुलिस जिलों की सामुदायिक सहभागिता परियोजनाओं में भेजा जाएगा। रेफरल का |

उद्देश्य उनकी चीनी भाषा की प्रवीणता और साक्षात्कार की तैयारी को बढ़ाना है ताकि वे भविष्य के भर्ती आकलनों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।

- HKPF ने चयन प्रक्रिया में पुलिस कांस्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा (RPC WE) की शुरुआत की है। RPC WE पास करने वाले आवेदक को कांस्टेबल के कर्तव्यों के लिए भाषा प्रवीणता आवश्यकताओं को पूरा करने वाला माना जाएगा और परिणाम RPC आवेदकों के लिए स्थायी रूप से मान्य होगा। RPC WE आवेदकों को भाषा प्रवीणता आवश्यकताओं को पूरा करने का एक वैकल्पिक तरीका प्रदान करेगा।

किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय

- HKPF मौजूदा उपायों को लागू करना जारी रखेगा।

किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय

- HKPF छात्रों को HKPF में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शैक्षिक संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) और स्कूलों के साथ साझेदारी में काम करेगा, जिनमें विविध जातियों के छात्र शामिल हैं।

## C. कर्मचारियों का प्रशिक्षण

संबंधित सेवाएं

- जातीय संवेदनशीलता और जातीय समानता की समझ के प्रति अधिकारियों की जागरूकता बढ़ाना।

मौजूदा उपाय

- पुलिस कॉलेज में बुनियादी और सेवाकालीन प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारियों को जातीय भेदभाव अध्यादेश की विषय-सामग्री और जातीय समानता से संबंधित दिशानिर्देशों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है।

- विभिन्न जातियों के लोगों की भाषाओं और संस्कृतियों के बारे में अधिकारियों की समझ और जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर अधिकारियों के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और अनुभव साझा करने के सत्र आयोजित किए जाते हैं।

भविष्य के कार्य का आकलन

- अधिकारियों के लिए जातीय समानता के मुद्दों पर उपयुक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए HKPF अन्य सरकारी विभागों और NGOs(गैर सरकारी संगठनों )के साथ संपर्क करेगा।

| | |
|---|---|
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • मौजूदा प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रहेगा।<br>• प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सामग्री को बेहतर करने के लिए अधिकारियों, अन्य सरकारी विभागों और NGOs(गैर सरकारी संगठनों) से प्रतिक्रिया और टिप्पणियां एकत्र की जाएंगी। |

जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा और नियोजित उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया पुलिस रिपोर्ट रूम में पुलिस रिपोर्ट रूम के कर्मचारियों से संपर्क करें, जहां चौबीसों घंटे सेवा प्रदान की जाएगी। रिपोर्ट रूम्स (कक्षों) की जानकारी नीचे दी गई लिंक से प्राप्त की जा सकती है:

http://www.police.gov.hk/ppp_en/contact_us.html

उपरोक्त उपायों पर पूछताछ को पुलिस हॉटलाइन 2527 7177 पर भी संचालित किया जा सकता है।

**हांगकांग पुलिस बल**
**मई 2023**